## भारतीय प्रशासनिक सेवा (2014 बैच) के प्रशिक्षु अधिकारियों का आफरी भ्रमण

भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2014 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों ने 11 अगस्त 2015 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थान (आफरी), जोधपुर का भ्रमण किया। दल में शामिल श्री भंवर लाल, सुश्री भारती दिक्षित, सुश्री चिन्मयी गोपाल, श्री कुम्हेर उल जमान चौधरी, सुश्री सुभम चौधरी एवं श्री सुरेश कुमार ओला को आफरी के कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष, श्री उमाराम चौधरी भा.व.से., ने आफरी की शोध गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षु अधिकारियों को आफरी की विभिन्न प्रयोगशालाओं एवं निर्वचान तथा विस्तार केन्द्र का भ्रमण कराकर उपयोगी जानकारी दी गयी । इस अवसर पर आफरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. जी. सिंह, डॉ. यू.के. तोमर, डॉ. रंजना आर्या, डॉ. तरूण कान्त आदि ने आफरी में किये जा रहे शोध कार्यों के बारे में जानकारी दी।

दल के साथ श्री सी. अयूब खान, एस.डी.एम., लूनी एवं प्रोटोकॉल अधिकारी श्री राधाकृष्ण ने भी आफरी के कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यक्रम में भावना शर्मा एवं श्री रतनाराम ने सहयोग दिया।